# D.A.V PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
## SUMMATIVE ASSESSMENT-I (2016-2017)
## STD-VII
## SUBJECT-HIGHER HINDI

Time-2.30 hours F.M. 90

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न पत्र में दो खंड है'क' और'ख'

2 दोनों खंड अनिवार्य हैं।

3 सभी प्रश्नों के उत्तर, साफ एवं सुंदर अक्षरों से क्रमशः लिखें।

खंड-क

1 (क) (i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का संधि कीजिए। 1

सेवा + अर्थ अथवा पुरुष + उत्तम

(ii ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए। 1

हितैषी अथवा देव्यर्पण

(ख) (i ) निम्नलिखित समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए। 1

घर-घर अथवा वनगमन

( ii ) निम्नलिखित का समस्त पद लिखकर समास का नाम लिखिए। 1

नीला है जो अंबर अथवा राम और सीता

(ग) (i) 'निवास' अथवा 'बेलगाम' से उपसर्ग अलग कीजिए। 1

(ii ) 'कु' अथवा 'अव' उपसर्ग से नए शब्द बनाइए। 1

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 4

किनारा, नाव, असुर,

(ङ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो श्ब्दों के भाव वाचक संज्ञा बनाइए। 2

बच्चा, ईमानदार, चलना,

(च) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों के विलोम रूप लिखिए। 3

आयात, इनकार, गुनाह, जटिल

(छ) निम्नलिखित वाक्यांशो में से किन्हीं चार के लिए एक शब्द लिखिए। 4

(i) जो जन्म से अंधा हो –

(ii) जो भविष्य में आने वाला हो –

(iii) जो कुछ न जानता हो-

(iv) जिसका कोई शत्रु न हो-

(v) जो ज़्यादा बोलता हो -

(ज) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं तीन मुहावरों के अर्थ लिखिए। 3

(i) अक्ल का दुश्मन-

(ii) आकाश-पाताल एक करना-

(iii) एक आँख न भाना-

(iv) कोल्हू का बैल-

(झ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए। 3

(i) वह व्यक्ति सज्जन है।

(ii) भारत में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं।

(iii) सभी छत पर बैठ गया।

(iv) बच्चे को बोतल में डालकर दूध दो।

2. अपने क्षेत्र की गंदगी को साफ़ करवाने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

आप अपने बड़े भाई के साथ किसी अत्यावश्यक कार्यवश जयपुर जा रहे हैं, चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। 5

(i ) उफ! ये परीक्षाएँ

(ii) कितना सुरक्षित मेंरा शहर

(iii) भारत को कैसा नेता चाहिए

(iv) पार्क का दृश्य

4. रोगी और डॉक्टर के बीच में हुए संवाद को लगभग ५० शब्दों में लिखिए। 5

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटिए।

विज्ञान पदार्थ जगत का ऊपरी अध्ययन न करके प्रत्येक तत्त्व की तह तक पहुँचने का प्रयत्न करता है। विज्ञान भौतिक जगत की घटनाओं, सूर्य-चंद्र-ग्रहों-नक्षत्रों, चिकित्सा,जीव-वनस्पति, पशु-पक्षी और मनुष्य-जगत का एक प्रकार से अध्ययन करता है। पृथ्वी के गर्भ में स्थित नाना धातुओं, मिट्‌टी के विभिन्न प्रकारों, वातावरण के विचित्र परिणामों, गहराइयों और ऊँचाइयों का भी अध्ययन करता है। चिंतन, तर्क, प्रयोग एवं परीक्षण के बिना विज्ञान किसी बात को ठीक नहीं मानता। विज्ञान स्पष्ट तर्कों पर आधारित होता है। विज्ञान प्रत्यक्ष जगत में विश्वास रखता है, अप्रत्यक्ष में नहीं। आज के युग में प्रकृति का कोई भी विषय ऐसा नहीं, जहाँ तक विज्ञान की पहुँच न हो। निरंतर अनुसंधान, छानबीन और आविष्कार के द्वारा विज्ञान ने ऐसे साधन मनुष्य को प्रदान किये हैं, जो अत्यंत चमत्कारपूर्ण हैं, साथ ही उनके कारण जीवन सुविधामय हो गया है।

१ गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक विकल्पों में से चुनिए। 1

( क)चमत्कार (ख )यथार्थ (ग) विज्ञान के वरदान (घ) विज्ञान और अध्ययन

२ प्रत्येक तत्त्व की तह तक पहुँचने का प्रयत्न कौन करता है ? 1

(क) गणित (ख) इतिहास (ग) व्याकरण (घ) विज्ञान

३ विज्ञान किस पर आधारित होता है ? 1

(क ) कल्पना पर (ख) कथा पर (ग) स्पष्ट तर्कों पर (घ) सपनों पर

४ हमारा जीवन वैज्ञानिक आविष्कारों के कारण कैसा हो गया है ? 1

( क ) दुखमय (ख) सुविधामय (ग) स्वप्नमय (घ) संगीतमय

५ 'जगत' का पर्यायवाची शब्द क्या है ? 1

(क) दुनिया (ख ) विश्व

(ग ) संसार (घ ) उपर्युक्त सभी

6. निम्नलिखित अपठित काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5

वह खून कहो किस मतलब का,
जिसमें उबाल का नाम नहीं ?
वह खून कहो किस मतलब का,
आ सके देश के काम नहीं ?
वह खून कहो किस मतलब का,
जिसमें जीवन न रवानी है ?
जो परवश होकर बहता है,
वह ख़ून नहीं, पानी है!!
उस दिन लोगों ने सही-सही,
ख़ूँ की कीमत पहचानी थी।
जिस दिन सुभाष ने बर्मा में,
माँगी उनसे कुरबानी थी।

बोले-स्वतंत्रता की खातिर,
बलिदान तुम्हें करना होगा।
तुम बहुत जी चुके जग में,
लेकिन आगे मरना होगा ।।
आज़ादी के चरणों में जो,
जयमाला चढ़ाई जाएगी।
वह सुनो, तुम्हारे शीशों के
फूलों से गूँथी जाएगी।।
आज़ादी का संग्राम नहीं-
पैसे पर खेला जाता है।
यह शीश कटाने का सौदा,
नंगे सिर झेला जाता है।।

(क) देश के लिए क्या करना होगा ?

( i ) शत्रु से लड़ना होगा (ii) सिर कटाना होगा

(iii) मातृभूमि को फूलमाला से सजाना होगा (iv) शांति से रहना होगा

(ख) सुभाष चद्र बोस ने लोगों से आह्वान कहाँ किया था ?

(i ) भारत में (ii) बर्मा में (iii) सिंगापुर में (iv) जापान में

(ग) आज़ादी की लड़ाई कैसे जीती जा सकती है ?

(i ) शहादत से (ii) पैसों से (iii) भाईचारे से (iv)क्रोध से

(घ) काव्यांश का प्रमुख भाव है ?

(i ) देश भक्ति की भावना (ii) सुभाष की वीरता

(iii ) ख़ून के बारे में बताना (iv ) इनमें से कोई नहीं

(ङ) किस प्रकार के ख़ून को कवि ने पानी कहा है ?

(i ) जो स्वयं हमारे अधीन हो (ii) जो देश के काम आ सके

(iii) जो आज़ादी के लिए लड़े (iv) जो परवश होकर बहता हो

## खंड-ख

7. दिए गए पद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से छाँटिए। 5

समय सदा बलवान रहा,
हर कोई समय से हारा।
जिसका समय से कदम मिला,
रहा समय उसी का प्यारा।
समय से पहले जो सोचे,
जीवन में वही उठता है कितना भी......

इतिहास सिखाता हमें समझना,
समय सिखाता चलना।
जीवन हमको सिखलाता है,
कभी न दिशा बदलना।
समय के दरिया में बहना।
जीवन एक मुक्ता है। कितना भी.....

(i ) इनमें से कौन सबसे बलवान है ?

(क) मनुष्य (ख) आँधी- तूफान

(ग) समय (घ) नदी

(ii) समय किसके लिए प्रिय बन जाता है ?

(क) जो समय का इंतज़ार करते हैं (ख) समय जिनके साथ चलता है

(ग) जो समय के साथ चलते हैं (घ) जो समय की परवाह नहीं करते हैं

(iii ) जो समय से पहले सोचता है वह-

(क) जीवन से उठ जाता है (ख) धोखा खाता है

(ग) जीवन भर पछताता है (घ) उन्नति करता है

(iv) कभी दिशा न बदलने की सीख कौन देता है ?

(क) समय (ख) जीवन

(ग) नदी (घ) इतिहास

(v ) जीवन को किसके समान बताया गया है ?

(क) मोती (ख) दरिया

(ग) इतिहास (घ) बलवान

8. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

बात राकेश ने बहुत सँभाल ली थी। पर्दे की आड़ में खड़े अन्य साथी मन-ही-मन राकेश की तुरंत-बुद्धि की प्रशंसा कर रहे थे। सब दर्शक शांत थे, भौंचक्के थे। वे सोच रहे थे यह क्या हो गया! वे तो समझ रहे थे कि नाटक बिगड़ गया, मगर यहाँ तो नाटक में ही नाटक था। उसका रिहर्सल ही नाटक था। मानो इस नाटक में नाटक की तैयारी की कठिनाइयों और कमज़ोरियों को ही दिखाया गया था!

(i) राकेश ने कौन-सी बात सँभाल ली थी ?

(ii) अन्य साथी राकेश की प्रशंसा क्यों कर रहे थे ?

(iii ) दर्शक क्या समझ रहे थे ?

(iv ) नाटक में क्या दिखाया गया था ?

(v ) गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6

क) वर्षा ऋतु में क्या-क्या होता है ?

ख) राकेश ने नाटक में स्वयं अभिनय क्यों नहीं किया ?

ग) साँप द्वारा पकड़े जाने पर निर्मला को क्या लगा ?

घ) तन्मय की बात सुनकर दुकानदार को कैसा लगा और उसने क्या किया ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 12

क) लेखक ने घर से बाहर जाने का कौन-सा रास्ता लेने का फ़ैसला किया और क्यों ?

ख) स्वामीनाथन को ऐसा क्यों लगा कि पिताजी का मिजाज़ खराब होता जा रहा है ?

ग) एवरेस्ट-शिखर पर पहुँचकर तीनों पर्वतारोहियों ने क्या किया ?

घ) तन्मय ने दुकानदार का हाथ क्यों पकड़ रखा था ? इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है ?

ङ) भारतीय महीनों के नाम लिखिए।

11. निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) सयाल ने निर्मला से मित्रता कैसे निभाई ? आप अपने मित्रों में कौन-कौन से गुण देखना चाहते हैं ? 3

(ख) ज़रूरत से ज़्यादा बोलने के क्या परिणाम हो सकते हैं ? बताइए। 2

12. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 7

(क) 'नाटक में नाटक' पाठ में किस पात्र का उल्लेख नहीं हुआ है ?

(i ) मोहन (ii ) सोहन

(iii ) श्याम (iv ) महेश

(ख) निर्मला का आदिवासी गाँव भारत के किस प्रदेश में है ?

(i) राजस्थान (ii ) महाराष्ट्र

(iii) गुजरात (iv)हरियाणा

(ग) बातूनी पाठ में सज्जन ने लेखक को राजू का क्या काम बताया ?

(i ) बीमा एजेण्ट (ii ) किताबों का एजेण्ट

(iii) बैंक एजेण्ट (iv) डाकघर का एजेण्ट

(घ) 'स्कूल की छुट्टियाँ' पाठ किस प्रसिद्ध लेखक के द्वारा लिखा गया है ?

(i) आर. के. नारायण (ii) के. आर. नारायण

(iii ) आर. के. नारायणन (iv) के. आर. नारायणन

(ङ) कैंप 4 के तंबू एक पाँत में लगाए थे क्योंकि ?

(i) बर्फ़ पिघल रही थी (ii) चौड़ा स्थान था

(iii) ऑक्सीजन की कमी न लगे (iv) स्थानाभाव था

(च) किस दिन तन्मय अपने दादाजी के साथ बाज़ार जाने के लिए तैयार हुआ ?

(i) रविवार (ii) सोमवार

(iii) मंगलवार (iv) बुधवार

(छ) कौन-सी भाषा का पेपर पाँच बजे तक चलने वाला था ?

(i) हिंदी (ii) तमिल

(iii) संस्कृत (iv) मलयालम